हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 24 जुलाई 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

तालाब में तब्दील हुआ देवरी -तनौद-भुईगांव मार्ग, आए दिन फंस रहे वाहन 4



## खबर संक्षेप

### हाथकरघा संस्थान में डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए आवेदन 30 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन के ग्रामोद्योग संचालनालय (हाथकरघा), रायपुर के अंतर्गत संचालित भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, चाम्पा एवं बरगढ़ (उड़ीसा) में जुलाई 2026 सत्र से प्रारंभ होने वाले डिप्लोमा इन हैण्डलूम एंड टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्राचार्य भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान ने बताया कि संस्थान में प्रथम सेमेस्टर में 30 सीटों तथा लेटरल एंट्री के माध्यम से सीधे तृतीय सेमेस्टर में 27 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा।

### उद्यानिकी फसलों के लिए फसल बीमा 31 तक होंगे जमा

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ मौसम 2026-27 के लिए पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। योजना के तहत जिले के उद्यानिकी किसानों को टमाटर, बैंगन, मिर्च, अदरक, केला, पपीता एवं अमरूद जैसी बागवानी फसलों के लिए प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान के विरुद्ध आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जाएगी। किसानों के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। सहायक संचालक उद्यान श्रीमती रंजना मखीजा ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए अऋणी किसान अपने नजदीकी सीएससी, अधिकृत बैंक शाखा अथवा मोबाइल एप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### जांजगीर नैला, चांपा, अकलतरा के रेल यात्री हलाकान

# लोकल ट्रेनों के रद्द होने एवं एक्सप्रेस ट्रेनों के घंटो विलंब ने बढ़ाई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लोकल ट्रेनों के रद्द होने एवं एक्सप्रेस ट्रेनों के घंटों विलंब ने रेल यात्रियों की परेशानी बढ़ा दी है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के अंतर्गत भाठापारा-हथबंद रेलवे स्टेशन पर तीसरी लाइन रेल विस्तार के चलते इस तरह की समस्या बनी हुई है। जिसके चलते जांजगीर नैला, अकलतरा, बाराद्वार, चांपा रेलवे स्टेशन से आवागमन करने वाले रेल यात्रियों की दिक्कतें बढ़ गई है।



रेलवे स्टेशन में ट्रेन का इंतजार करते यात्री।

गौरतलब है कि अधोसंरचना विकास के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल अंतर्गत भाठापारा एवं हथबंद रेलवे स्टेशन में तीसरी लाइन सेक्शन आटो सिग्नलिंग कमीशनिंग के लिए एनआई का कार्य किया गया है। जिसके कारण जांजगीर नैला, अकलतरा, चांपा, बाराद्वार, कापन, देवरी सारागांव, जेठा समेत अन्य स्टेशनों के माध्यम से आवाजाही करने वाले रेल यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तीसरी रेल लाइन विस्तार का कार्य बुधवार 22 एवं गुरूवार 23 जुलाई को किया गया। जांजगीर नैला एवं चांपा रेलवे स्टेशन के माध्यम से बड़ी संख्या में ट्रेनों की आवाजाही लगी रहती है। इस मार्ग से होकर हावड़ा मुंबई सुपर फास्ट, हावड़ा-अहमदाबाद, आजाद हिंद सुपर फास्ट एक्सप्रेस, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, लिंक एक्सप्रेस, पुरी-ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस, साउथ बिहार एक्सप्रेस समेत बिलासपुर-रायगढ़ लोकल, रायगढ़-बिलासपुर, रायपुर-कोरबा समेत अन्य सुपर फास्ट एवं लोकल ट्रेनों की आवाजाही प्रतिदिन होती रहती है। ऐसे में बुधवार एवं गुरूवार को रायपुर मंडल के भांठापारा-हथबंद रेलवे स्टेशनों के मध्य तीसरी रेलवे लाइन विस्तार के कारण जांजगीर नैला एवं चांपा एवं अन्य रेलवे स्टेशन के माध्यम से रेल यात्रा करने वाले रेल यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। ट्रेन के माध्यम से लोग बड़े पैमाने पर बिलासपुर रायपुर, दुर्ग, रायगढ़, पेण्ड्रा रोड, खरसिया, सक्ती समेत अन्य प्रदेशों की ओर आवाजाही करते है। ऐसे में ट्रेनों के रदद होने एवं सुपर फास्ट ट्रेनों के घटों विलंब से आने के कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जिन ट्रेनों को रद्द किया गया, उनमें बिलासपुर कोरबा, कोरबा-बिलासपुर, रायपुर-कोरबा एवं कोरबा-रायपुर समेत अन्य ट्रेनें शामिल है।

#### दी गई है सूचना

रायपुर रेल मंडल अंतर्गत भाठापारा एवं हथबंद रेलवे स्टेशन के मध्य इंटरलॉकिंग एवं तीसरी लाइन विस्तार के चलते सुपर फास्ट एवं लोकल ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। कुछ लोकल ट्रेनों को रद्द भी किया गया। इसकी सूचना रेलवे बोर्ड द्वारा जारी की गई थी।

**-अंबिकेश साहू,**
जनसंपर्क अधिकारी, रेल मंडल बिलासपुर

### पीआईएल प्लांट में फर्नेश पंक्वर, तीन मजदूर झुलसे

**चांपा।** प्रकाश इण्डस्ट्रीज में फर्नेश पंक्वर होने से तीन ठेका श्रमिक झूलस गए। प्लांट के 15 टन आयल रिंग के नंबर 1 चैनल में बुधवार की रात हादसा हुआ। हादसे में घायल तीनों मजदूरों को भिलाई रेफर किया गया है। प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड में बुधवार की रात काम चल रहा था। इसी दौरान रात करीब 11.30 बजे 15 टन ऑयल रिंग के नंबर 1 चैनल में एक हादसा हो गया। फर्नेश पंक्वर होने से गर्म भाप के साथ लावा निकला। मौके पर काम कर रहे तीन ठेका श्रमिक इसकी चपेट में आ गए। ठेका श्रमिक गेंदराम पटेल, गंगा प्रसाद पटेल और पंच राम यादव झूलस गए। मौके पर अफरा तफरी मच गई। तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए भिलाई रेफर कर दिया गया। तीनों मजदूर मेसर्स अनमोल यादव एंड कंपनी के माध्यम से ठेका श्रमिक के रुप में कार्यरत हैं। हादसे के कारण की जांच शुरू कर दी गई है। पी आई एल में पूर्व में भी फर्नेश पंक्चर की घटना हो चुकी है। कारखाने में स्थापित फर्नेश क्षमता 15 टन में 24 अप्रैल को हुई घटना में 6 मजदूर घायल हुए थे। इससे पहले अप्रैल 2024 में कंपनी के 15 टन फर्नेश में ब्लास्ट हो चुका है, जिसमें 13 अधिकारी और श्रमिक झूलसे थे। लगातार हो रहे हादसों से श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।




## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित
पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

### द्वितीय चरण

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में **द्वितीय चरण सत्र 2026-27** में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन | (Dialysis) डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| रायपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरायपाली | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| धमतरी | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| जगदलपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| बीजापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| कांकेर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| अंबिकापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| सूरजपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही **55 रुपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10X4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर आवेदन और लिफाफे को एक लिफाफे में डालकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि दें।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 20.08.2026 तक।**

**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-25.08.2026 तक।**

#### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, प्रथम तल, मेहर हाइट्स, यश बिग बाजार एवं एसबीआई बैंक के पास, राज किशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

महोदय,
........................ (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम ........................ 2. पिता / पति ........................
3. जन्म तिथि अंकों में ........................ 4. वर्ग: - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ........................ पोस्ट ........................ तहसील ........................
थाना ........................ जिला ........................ पिन कोड ☐
मो. नं. 1 ........................ मो. नं. 2 ........................ वाट्सअप नं. ........................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ........................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)





## खबर संक्षेप

### विजेता बनने के बाद नगर आगमन पर राजलक्ष्मी का हुआ स्वागत



**शिवरीनारायण।** बिलासपुर में न्यू उड़ान जनसेवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित मिस छत्तीसगढ़ 2026 प्रतियोगिता में शिवरीनारायण की बेटी राजलक्ष्मी केशरवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर मिस छत्तीसगढ़ का खिताब अपने नाम किया। विजेता बनने के बाद शिवरीनारायण पहुंचने पर नगरवासियों ने उनका भव्य स्वागत कर सम्मानित किया। राजलक्ष्मी ने अपने परिवार के साथ सर्वप्रथम भगवान शबरी नारायण के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद मेला ग्राउंड स्थित रामायणा कैफेटेरिया में आयोजित सम्मान समारोह में विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नगरवासियों ने पुष्पहार और बुके भेंट कर उनका अभिनंदन किया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री मंदाकिनी उपस्थित रहीं। उन्होंने राजलक्ष्मी केशरवानी को मिस छत्तीसगढ़ का ताज पहनाकर सम्मानित किया तथा प्रमाण-पत्र, स्मृति चिन्ह और 5 हजार की नगद पुरस्कार राशि प्रदान की। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से आई प्रतिभागियों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। इस वर्ष प्रतियोगिता की थीम पुरानी हिंदी फिल्म अभिनेत्रियों के लुक और स्टाइल पर आधारित थी। प्रतिभागियों ने अभिनय, वेशभूषा, व्यक्तित्व और मंच प्रस्तुति के माध्यम से पुराने हिंदी सिनेमा की झलक पेश की। राजलक्ष्मी ने अपने आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और प्रभावशाली प्रस्तुति से निर्णायकों का दिल जीतते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। राजलक्ष्मी केशरवानी एक अंतरराष्ट्रीय नृत्यांगना भी हैं। वे देश-विदेश के विभिन्न मंचों पर भारतीय संस्कृति एवं शास्त्रीय नृत्य का प्रदर्शन कर चुकी हैं। भरतनाट्यम की ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रशिक्षिका के रूप में उन्होंने अनेक विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देकर इस कला के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। राजलक्ष्मी केशरवानी की माता द्रोपति केशरवानी भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष हैं तथा सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय हैं।

### लाठी चार्ज के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस ने रैली निकालकर किया प्रदर्शन




**बम्हनीडीह।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान कथित लाठीचार्ज और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ हुई कथित अभद्रता के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस और युवा कांग्रेस ने संयुक्त रूप से प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर जमकर नारेबाजी की। दिल्ली जंतर मंतर में छात्रों द्वारा किए जा रहे शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन में सरकार द्वारा किए गए लाठीचार्ज एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ किए गए बर्बरता के विरोध में ब्लाक कांग्रेस कमेटी बम्हनीडीह एवं युवा कांग्रेस द्वारा संयुक्त रूप से रैली निकाल कर इंदिरा गांधी चौक बम्हनीडीह में विरोध प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय शिक्षामंत्री का इस्तीफा मांगा गया। इस मौके पर जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष हसौद कुशल कश्यप, कांग्रेस प्रदेश सचिव सुरेंद्र भार्गव, उर्दू अकादमी सदस्य गुलाबुद्दीन खान, ब्लाक युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल सिसोदिया, विधानसभा अध्यक्ष रज्जाक खान, जिला महामंत्री आजम खान, बावाराम जायसवाल, कमलेश कश्यप, हेमंत साहू, मयंक वस्त्रकार, प्रीतम वैष्णव, राजा जायसवाल, ठाकुर चंद्रभास, रामलाल सहारे, सोनू थवाइत, कोमल जायसवाल, संतन महंत, संदीप रात्रे, पप्पू जायसवाल, राकेश केंवट सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस व कांग्रेस कार्यकर्ता तथा छात्र मौजूद थे।

13 किलोमीटर का रास्ता तय करने में लग रहा घंटों

# तालाब में तब्दील हुआ देवरी-तनौद भुईगांव मार्ग, आए दिन फंस रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तनौद

देवरी मोड़ से तनौद-भुईगांव तक जाने वाली 13 किलोमीटर लंबी सड़क इन दिनों क्षेत्र के लोगों के लिए राहत नहीं, बल्कि मुसीबत का कारण बन गई है। बरसात के मौसम में हालात इतने बदतर हो गए हैं कि रोजाना छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं और लोगों का सफर जोखिम भरा बन गया है। यह मार्ग देवरी, खोरसी, तनौद, कमरीद, खोखरी, भुईगांव, देवरघटा और खरगहनी सहित दर्जनों गांवों को जोड़ता है। बाजार, शिवरीनारायण, बिलासपुर और आसपास के क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए ग्रामीण इसी सड़क पर निर्भर हैं। सड़क की दुर्दशा के कारण महज 13 किलोमीटर का सफर तय करने में घंटों लग रहे हैं।

सड़क में जगह-जगह बने तालाबनुमा गड्ढे व उसमें पानी भरने से दोपहिया और चारपहिया वाहन आए दिन कीचड़ में फंस रहे हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खोरसी मिडिल स्कूल के सामने दो से तीन फीट तक पानी भरा हुआ है। ऐसे में छात्र-छात्राओं को स्कूल पहुंचने के लिए पानी और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है। वहीं गंभीर मरीजों को अस्पताल ले जाने में भी परिजनों को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। रायपुर, बलौदा बाजार और बिलासपुर की ओर से आने-जाने वाले हाईवा, ट्रेलर और अन्य भारी वाहन बड़ी संख्या में इसी रास्ते का उपयोग करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भारी वाहनों के दबाव और सड़क की जर्जर स्थिति के कारण दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि राज्य सरकार ने वर्ष 2025-26 के बजट में इस सड़क के निर्माण की घोषणा की थी, लेकिन लोक निर्माण विभाग अब तक टेंडर प्रक्रिया भी शुरू नहीं कर पाया है।



तालाब में तब्दील मार्ग एवं भरा पानी।

### गतवा पहुंच मार्ग में पानी भरने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**बिर्रा।** गतवा पहुंच मार्ग में ग्राम पंचायत सिलादेही में बरसाती पानी के भरने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम गतवा के ग्रामीणों को ग्राम पंचायत सिलादेही से गुजरकर आना एवं जाना पड़ता है। ग्राम गतवा और सिलादेही के ग्रामीणों ने नाली और पक्की सड़क बनवाने की मांग किए हैं। गौरतलब है कि जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलादेही के सोनबरसा पारा गतवा पहुंच मार्ग में बरसाती पानी का जमाव होने के कारण ग्रामीणों को और वाहन चालकों को आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत सिलादेही के पंचायत पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि इस पहुंच मार्ग को बनवाने में रुचि नहीं ले रहे हैं, जिसके कारण बरसाती पानी का जमाव हो गया है। ग्रामीणों ने जिला के मुखिया कलेक्टर से पक्की नाली और सड़क बनवाने की मांग की है।





# सड़क सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

■ शिवरीनारायण पुलिस ने स्कूल में चलाया जागरूकता अभियान

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को शिवरीनारायण पुलिस ने नगर के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान थाना में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक रितेश परमार ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों, साइबर अपराधों से बचाव और देश में लागू नए विधिक कानूनों की विस्तृत जानकारी देकर कानून के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एएसआई रितेश परमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं में काफी हद तक कमी लाई जा सकती है और अनेक लोगों की जान बचाई जा सकती है। साइबर सुरक्षा पर जानकारी देते हुए उन्होंने ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने बताया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी, एटीएम पिन, बैंक खाते की जानकारी या पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें। सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें और किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश या आकर्षक ऑनलाइन ऑफर के झांसे में न आएं। यदि किसी प्रकार की साइबर ठगी होती है तो तत्काल पुलिस थाना अथवा साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को देश में लागू नए विधिक कानूनों की भी सरल भाषा में जानकारी दी गई।

## सभी के सहयोग से मायुमं सेवा और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में प्राप्त करेगा नई ऊंचाइयां

**बाराद्वार।** मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों का बाराद्वार आगमन पर स्थानीय मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा की ओर से आत्मीय स्वागत किया गया। अग्रसेन भवन में आयोजित कार्यक्रम में शाखा की अध्यक्ष प्राची जिंदल के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने अतिथियों का तिलक, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया।

स्वागत समारोह में मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया, प्रांतीय अध्यक्ष प्रशांत गांधी, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष जयकिशन अग्रवाल, प्रांतीय महामंत्री शलभ अग्रवाल, प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष रीना केडिया, राष्ट्रीय संयोजक राज अग्रवाल, प्रांतीय कोषाध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल तथा प्रांतीय संयोजक रीनू अग्रवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने महिला जागृति शाखा की पदाधिकारियों एवं सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन के प्रति उनका समर्पण, सक्रियता और उत्साह प्रेरणादायक है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी के सहयोग से मारवाड़ी युवा मंच सेवा और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। उन्होंने सभी से इसी ऊर्जा और एकजुटता के साथ समाजहित के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का आह्वान किया। साथ ही संगठन की भविष्य की रणनीतियों, सदस्य विस्तार, सेवा गतिविधियों तथा सामाजिक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में महिला जागृति शाखा की ओर से आगामी 4 अगस्त को अग्रसेन भवन, बाराद्वार में आयोजित होने वाले निःशुल्क नेत्र रोग, मोतियाबिंद जांच एवं परामर्श शिविर की जानकारी राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों को दी गई। इसके अलावा शाखा द्वारा समय-समय पर किए जा रहे विभिन्न सेवा कार्यों का रिपोर्ट कार्ड भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर महिला जागृति शाखा की अध्यक्ष प्राची जिंदल, सचिव नेहा सांवड़िया, कोषाध्यक्ष दिव्या केडिया, सहसचिव राखी अग्रवाल, ममता अग्रवाल, सोनू कलानोरिया, मोना बंसल, रुचि बंसल, श्वेता बंसल, सृष्टि सांवड़िया, निशा सांवड़िया सहित शाखा की सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहीं।



## बैंक ग्राहकों को आधुनिक एवं सुरक्षित बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कर रहा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक की शिवरीनारायण शाखा का संचालन अब तुस्मा रोड स्थित नए भवन से किया जाएगा। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार अरोरा ने विधिवत फीता काटकर नवीन शाखा भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों, एवं बड़ी संख्या में खाताधारकों की उपस्थिति रही।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्री अरोरा ने कहा कि बैंक ग्राहकों को आधुनिक एवं सुरक्षित बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, यूपीआई सहित अन्य डिजिटल सुविधाओं का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की। साथ ही होम लोन, वाहन ऋण, गोल्ड लोन तथा अन्य ऋण योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र ग्राहकों से इन योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक (कोरबा) नितिन चौधरी, शाखा प्रबंधक अखलेश कुमार वर्मा, प्रबंधक जय शंकर चौधरी, किशोर कुमार सोने, सहायक प्रबंधक शंकर सिंह ठाकुर सहित बैंक के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्राहक मौजूद रहे। नए भवन में स्थानांतरण के साथ शाखा में ग्राहकों को आधुनिक सुविधाओं, सुरक्षित वातावरण और बेहतर बैंकिंग अनुभव उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



फीता काटकर नए भवन का शुभारंभ करते अतिथि।

## पोषण पुनर्वास केंद्र में कुपोषित बच्चों को मिल रही है बेहतर सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डभरा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डभरा में संचालित पुनर्वास पोषण केंद्र एनआरसी में ब्लॉक डभरा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्रामों के कुपोषित बच्चों को बेहतर सुविधा प्रदान किया जा रहा है। पुनर्वास पोषण केंद्र में अभी 10 से अधिक कुपोषित बच्चों को भर्ती कर नियमित पौष्टिक आहार एवं डाक्टरों के देखभाल में दवाई दिया जा रहा है। पुनर्वास पोषण केंद्र में कुपोषित बच्चों को 15 दिन केंद्र रखकर स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाता है ताकि बच्चों कि हेल्थ ठीक है साथ बच्चों के माताओं को भी पौष्टिक भोजन दिया जाता है। बच्चों के स्वास्थ्य के देखभाल के बारे में बताया जाता है।

बताया जाता है कि जब से यहां डॉक्टर बिनेश नायक को बीएमओ बनाया गया है तब से लगातार पुनर्वास पोषण केंद्र पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समय समय पर खुद डॉक्टर बिनेश नायक द्वारा महिला चिकित्सक डॉक्टर माधुरी चंद्रा के साथ कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य जांच करते है और स्टाफ को एवं पालकों को मार्गदर्शन देते है। पुनर्वास पोषण केंद्र एनआरसी में कुपोषित बच्चों के लिए खिलौना सहित अन्य सुविधाएं है।



पुनर्वास पोषण केंद्र एनआरसी में महिला बाल विकास विभाग डभरा एवं मितानिनों द्वारा गांवों में कुपोषित बच्चों की पहचान कर पुर्नवास पोषण केंद्र में भर्ती कराया जाता है, जिसका देखभाल डाक्टरों एवं स्टाफ द्वारा किया जाता है। इस सम्बन्ध में बीएमओ डॉक्टर बिनेश नायक का कहना है कि एनआरसी केंद्र महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सहयोग से क्रियान्वयन किया जाता है । कुपोषित बच्चों को 15 दिन केंद्र में भर्ती कर इलाज एवं पौष्टिक आहार दिया जाता है। डॉक्टर कि टीम एवं स्टाफ नर्स नियमित देखभाल करते है। पुर्नवास पोषण केंद्र एनआरसी द्वारा संचालित है जो नियमित चल रहा है कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाता है ताकि बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर हो सके।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि आज

**हसौद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई हसौद में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए चौथे चरण के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 24 जुलाई की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। संस्थान प्रबंधन ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को अब तक प्रवेश नहीं मिल पाया है या जो रिक्त सीटों पर प्रवेश लेना चाहते हैं, वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर ऑनलाइन पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि के बाद 25 जुलाई को एनआईसी द्वारा मेरिट सूची जारी की जाएगी। इसके पश्चात 26 से 30 जुलाई तक चयन सूची प्रदर्शित होगी तथा चयनित अभ्यर्थियों को 31 जुलाई से 2 अगस्त तक संबंधित संस्थानों में प्रवेश दिया जाएगा।

TOP IN JANJGIR

GURUKRIPA COLLEGE ADMISSION GUIDENS 2026-27 SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

छत्तीसगढ़ शासन में VTP पंजीयन क्रमांक 223793647P003
प्रवेश प्रारंभ पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
विगत 10 वर्षों से संचालित जॉजगीर चांपा जिले का एकमात्र संस्था
(NSDC/SDMS C.N. 69240)
नि-शुल्क पाठ्यक्रम (Free Courses): जनरल ड्यूटी असिस्टेंट होम हेल्थ एड
100% नौकरी में सहयोगी पाठ्यक्रम / योग्यता 10वीं एवं 12वीं / हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
अस्पतालों या पैथोलैब मे कार्यरत विद्यार्थियों के लिए पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध
कोर्सेस
- DMLT - डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
- MPW - पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
- EMT - पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन
- OT - टेक्नीशियन
पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियनअसिस्टेंट
- X-RAY टेक्नीशियन
आकाश एजुकेशनल एकेडमी पताः रजनीश बुक डिपो के सामने, तिवारी कॉम्प्लेक्स, केरा रोड जॉजगीर मो. 8770638375, 9399743304




## छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में कांग्रेसियों ने दिया धरना

**अकलतरा।** नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अकलतरा के तत्वावधान में गुरुवार दोपहर शास्त्री चौक में केंद्र सरकार के विरोध में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में छात्र-छात्राओं पर पुलिस द्वारा कथित लाठीचार्ज, वॉटर कैनन एवं आंसू गैस के प्रयोग के विरोध में प्रदर्शन किया। धरने को संबोधित करते हुए पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मंजू सिंह ने कहा कि देश के छात्र अपने भविष्य और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से आवाज उठा रहे हैं, लेकिन उनकी बात सुनने के बजाय उन पर बल प्रयोग किया जा रहा है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। राज्य हज कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद इमरान खान ने कहा कि लोकतंत्र में छात्रों को अपनी बात रखने का अधिकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार छात्रों की समस्याओं के समाधान के बजाय दमनात्मक रवैया अपना रही है, जिसकी कांग्रेस कड़ी निंदा करती है। कार्यक्रम को अंकित सिंह, राज सिंह, जयदीप सिंह, सीता टंडन, अविनाश साहू, तनवीर आलम, अलखराम श्रीवास, दीप पाटले, विजेंद्र गौतम एवं दीक्षांत चंद्राकर ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने केंद्र सरकार के ₹बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ₹ अभियान को केवल नारा बताते हुए आरोप लगाया कि छात्राओं के साथ कथित दुर्व्यवहार और पुलिस कार्रवाई महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाती है। धरना-प्रदर्शन में नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर राणा, संतोष सिंह बैस, भविष्य चंद्राकर, शेख सितारा टंडन, धनराज सिंह, राजू राठी, राजू जैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विनीत केडिया (vinit kedia)पिता जयप्रकाश केडिया वार्ड नंबर 08 लटिया रोड अकलतरा पोस्ट अकलतरा जांजगीर-चांपा छत्तीसगढ़ यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम विनीत केडिया (vinit kediya)के स्थान पर विनीत केडिया (vinit kedia) नया नाम रख लिया हूं अत: आज से मुझे समस्त शासकीय अर्ध शासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम विनीत केडिया (vinit kedia) से ही जाना, पहचाना जावे।

विनीत केडिया
(Vinit kedia)
वार्ड नंबर 08 लाटिया रोड
अकलतरा, जांजगीर-चांपा
छत्तीसगढ़

### NAME CHANGE

It is informed to the local general public that I, VINIT KEDIA S/O JAI PRAKASH KEDIA resident of ward no 08, Latiya road, Akaltara District Janjgir champa Chhattisgarh 495552.

Have changed my old Name VINIT KEDIYA S/O Jai prakash kedia , So in future I should be recognised by my new name that is VINIT KEDIA S/O JAI PRAKASH KEDIA in all the government and other documents.

VINIT KEDIA
WARD NO -08
Latiya road Akaltara
Dist- janjgir
champa(C.G)








# कैरेक्टर एक्टर्स को मिलती है छोटी वैनिटी वैन : सुधीर

**मुंबई।** एक्टर सुधीर पांडे को अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जाना जाता है। उन्होंने 'टॉयलेटः एक प्रेम कथा' जैसी फिल्में की हैं। हाल ही में एक्टर ने उन एक्टर्स के बारे में बात की जो काफिले लेकर चलते हैं। उन्होंने ऐसे एक्टर्स पर गुस्सा जाहिर किया और कहा कि वो प्रोड्यूसर्स का पैसा बर्बाद करते हैं। साथ ही सुधीर ने कैरेक्टर्स एक्टर्स को लेकर भी रिएक्ट किया है। सुधीर पांडे ने बताया कि कैरेक्टर एक्टर्स को मुश्किल से बड़ी वैन मिलती है। उन्होंने कहा, 'हमारे जैसे कैरेक्टर एक्टर्स को मुश्किल से बड़ी वैनिटी वैन मिलती है। अक्सर हमें छोटी वैनिटी वैन दी जाती है। जो एक्टर पूरे काफिले के साथ आते हैं वो फेक लगते हैं। वो पैसे की बर्बादी है।

लाइफ Style



# काजल

## रामायण इंडिया की सबसे बड़ी फिल्म बनने जा रही

काजल अग्रवाल ने फिल्म 'रामायण' को लेकर बड़ा खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने दावा किया कि ये भारत की सबसे बड़ी फिल्म बनने जा रही है। उन्होंने अपने किरदार पर भी बात की। नितेश तिवारी की मचअवेटेड फिल्म 'रामायण' को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह बना हुआ है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में नजर आएंगे। राम के किरदार में उन्हें देखने के लिए दर्शक बेताक हैं। फिल्म में काजल अग्रवाल मंदोदरी की भूमिका निभा रही हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में काजल ने दावा किया कि 'रामायण' अपने विजन और बड़े पैमाने की वजह से भारत की सबसे बड़ी फिल्म बनने जा रही है। काजल अग्रवाल ने कहा, 'ये फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। मुझे लगता है कि जब 'रामायण' ग्लोबल स्टेज पर रिलीज होगी, तो हर भारतीय के लिए ये गर्व का पल होगा। हमारे हीरो भी आखिरकार उसी लेवल पर नजर आएंगे, जैसे मार्वल के सुपरहीरोज या हैरी पॉटर यूनिवर्स के किरदार दिखाई देते हैं।' जब उनसे पूछा गया कि क्या 'रामायण' भारत की सबसे बड़ी फिल्म बनने जा रही है, तो उन्होंने कहा, '100 पर्सेंट. इसका बजट, इसकी टेक्निकल क्वालिटी और मेकर्स का विजन बहुत बड़ा है। ये एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसमें पैन इंडिया स्टारकास्ट है और इसे ग्लोबल स्क्रीन के लिए बनाया गया है।' काजल अग्रवाल ने आगे ये भी बताया कि वो इन दिनों मंदोदरी के किरदार के लिए किताबें पढ़ रही हैं। उन्होंने कहा, 'मैं इस समय मंदोदरी का किरदार निभा रही हूं, इसलिए उनके बारे में किताबें पढ़ रही हूं। मेरे लिए ये किरदार बेहद दिलचस्प है।'

## हॉलीवुड मसाला



# दिव्यांग बच्ची की भूमिका में आई थीं नजर

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री केली हॉटल का निधन हो गया है। एक सड़क दुर्घटना में केली की जान गई। वे 18 साल की थीं। अभिनेत्री ने साल 2021 में रिलीज हुई फिल्म 'गॉडजिला एक्स कॉन्ग' और साल 2024 में रिलीज हुई इसकी अगली कड़ी 'गॉडजिला एक्स कॉन्ग- द न्यू एम्पायर' में अभिनय किया था। फिल्म में उन्हें 'जिया' नाम की एक दिव्यांग बच्ची भूमिका में देखा गया। फिर साल 2024 में केली 'गॉडजिला वर्सेस कॉन्ग' में भी इसी भूमिका में नजर आई थीं।




# भारतीय दर्शकों को खूब लुभा रही द ओडिसी...

**मुंबई।** इन दिनों थिएटर्स में खूब रौनक है। क्रिस्टोफर नोलन की हॉलीवुड फिल्म 'द ओडिसी' भारतीय दर्शकों को खूब लुभा रही है। 17 जुलाई को रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्म 'द ओडिसी' भारत में शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म को भारत में खूब प्यार मिल रहा है। मंडे टेस्ट में इस फिल्म ने शानदार प्रदर्शन किया था। वहीं, मंगलवार को पांचवें दिन कलेक्शन में और इजाफा देखा गया। ओपनिंग डे पर फिल्म ने 17.40 करोड़ रुपए कमाए थे। दूसरे दिन 22 करोड़ रुपए और तीसरे दिन रविवार को 21.90 करोड़ की कमाई की। सोमवार को चौथे दिन फिल्म का कारोबार आठ करोड़ रुपए रहा। मंगलवार को फिल्म ने 8.35 करोड़ रुपए कमाए। पांच दिनों में 'द ओडिसी' का इंडिया नेट कलेक्शन 77.65 करोड़ रुपए हो गया है।



# अशनीर की बायोपिक से खुद को किया अलग

**नई दिल्ली।** कुछ समय पहले हमने आपको जानकारी दी थी कि एंटरप्रेन्योर और भारत पे के को-फाउंडर अशनीर ग्रोवर (पर एक बायोपिक बनाई जा रही है। ऐसी खबर आई थी कि आमिर खान इसका हिस्सा होंगे। हालांकि, अब जो जानकारी सामने आ रही है उसके हिसाब से एक्टर ने खुद को इससे अलग कर लिया है। क्रिएटिव डिफरेंस इसकी वजह बताई जा रही है। राहुल मोदी इस फिल्म को डायरेक्ट कर रहे हैं और ये उनकी एक डायरेक्टर के तौर पर डेब्यू फिल्म भी होगी। श्रद्धा कपूर जोकि राहुल को डेट कर रही हैं इस फिल्म की लीड एक्ट्रेस हैं। हालांकि, एक रिपोर्ट के मुताबिक, आमिर अब इस फिल्म से जुड़े नहीं हैं। सूत्र ने बताया, 'आमिर को स्टार्ट-अप की दुनिया बहुत पसंद है और वह अशनीर ग्रोवर की बायोपिक के जरिए इस क्षेत्र में कदम रखने के लिए उत्सुक थे।



# द स्कैम- लीक्ड का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** पूरे देश में जब मेडिकल के पेपर लीक का मुद्दा गरमाया हुआ है। छात्र सड़कों पर आंदोलन करने उतरे हैं। तब बुधवार को वेब सीरीज 'द स्कैम-लीक्ड' का टीजर जारी हुआ है। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर दस्तक देगी। सीरीज का विषय मेडिकल पेपर लीक विषय से मिलता हुआ है। ट्रेलर के साथ कैप्शन लिखा है, 'एक पेपर। लाखों सपने। एक लीक। देश हैरान'। जी5 ने टीजर जारी किया है। इसमें दिखाया जा सकता है कि परीक्षा से ठीक पहले गोदाम से पेपर लीक हो रहे हैं। कारखाने में परीक्षा के पर्चों की छपाई हो रही है। इसी बीच पेपर लीक कर दिया जाता है। इसे कैसे अंजाम दिया गया, इसकी एक झलक दिखाई गई है। इसके बाद सीधे समाचारों में ब्रेकिंग न्यूज फ्लैश होती है कि नीट का पेपर लीक हो गया है।

## टीवी मसाला



# सैराब को मिल गया नया ईशान? आशय कर सकते हैं रोहित को रिप्लेस

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस का नया शो 'सैराब' इन दिनों लगातार चर्चा में बना हुआ है। इसकी वजह शो के लीड एक्टर रोहित चंदेल हैं। रोहित पर एक नाबालिग से छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप लगा है। इसी मामले में उन्हें 10 जुलाई से न्यायिक हिरासत में रखा गया है। इसका असर शो की शूटिंग पर भी पड़ा है। हालांकि, मेकर्स ने कहानी को आगे बढ़ाने के लिए ईशान के किरदार को कुछ समय तक किडनैपिंग ट्रैक के जरिए संभाला। अब खबर आ रही है कि मेकर्स ने रोहित चंदेल की जगह नए चेहरे को लाने का फैसला किया है। सास बहू साजिश की एक रिपोर्ट के अनुसार, टीवी के पॉपुलर एक्टर आशय मिश्रा शो में नए ईशान के किरदार में नजर आ सकते हैं। वो जल्द ही रोहित चंदेल को रिप्लेस कर सकते हैं। हालांकि, मेकर्स की ओर से अभी तक इस बदलाव को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। रोहित चंदेल की गिरफ्तारी के बाद से ही उनके रिप्लेसमेंट को लेकर लगातार चर्चाएं हो रही थीं. शुरुआत में माना जा रहा था कि अगर उन्हें जमानत मिल जाती है तो वो शो में वापसी कर सकते हैं। हालांकि, जमानत नहीं मिलने के बाद मेकर्स ने नए चेहरे के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब आशय मिश्रा सीरियल 'सैराब' में नए ईशान के किरदार में नजर आ सकते हैं। माना जा रहा है कि आने वाले एपिसोड्स में इस बदलाव से पर्दा उठ जाएगा। रोहित चंदेल के रिप्लेस होने की खबर से उनके फैंस काफी निराश हैं।

## अलिफ लैला का 'जिन्न' रेसलिंग करते हुए बना एक्टर

**नई दिल्ली।** साल 1993 में रामानंद सागर के एक और शो ने छोटे पर्दे पर खूब धूम मचाई थी। शो का नाम था 'अलिफ लैला'। इस शो में 'जिन्न' के किरदार को दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया। 'अरेबियन नाइट्स' की प्रसिद्ध



कहानियों पर आधारित 'अलिफ लैला' में सीमा कंवल, शाहनवाज प्रधान, पिंकी पारिख, गिरजा शंकर और दामिनी कंवल शेट्टी जैसे दिग्गज कलाकार नजर आए थे। रामानंद सागर के निर्देशन में बने 'अलिफ लैला' के वैसे तो सभी किरदारों को दर्शकों का प्यार मिला, लेकिन जिसे सबसे ज्यादा याद रखा गया, वह था 'जिन्न'। इस आइकॉनिक किरदार को पहलवान से अभिनेता बने दयाल सिंह कश्यप ने निभाया था। दयाल सिंह कश्यप मूल रूप से हरियाणा के करनाल के रहने वाले हैं। एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने से पहले वे एक पेशेवर रेसलर थे। जिस दौरान वे रेसलिंग कर रहे थे, उसी समय किसी ने उन्हें बताया कि रामानंद सागर अपने नए शो 'अलिफ लैला' के लिए ऑडिशन ले रहे हैं। यह सुनते ही दयाल तुरंत ऑडिशन देने पहुंच गए। वहां निर्देशक रामानंद सागर ने उनकी आवाज और भारी-भरकम बॉडी देखते ही उनको सिलेक्ट कर लिया।



# किस्मत वाली हूं, आज तक मेरे साथ गलत बर्ताव नहीं हुआ : सुनिधि

**मुंबई।** सुनिधि चौहान बॉलीवुड की सबसे चर्चित गायिकाओं में से एक हैं। गायिकी के अलावा वह कई सिंगिंग रियलिटी शोज को भी जज कर चुकी हैं। उनके फैंस जानना चाहते हैं कि उन्होंने शोज को जज करना क्यों छोड़ दिया है? इस पर गायिका ने बात की है। सुनिधि चौहान ने शेखर टुनाइट शो में रियलिटी शोज को छोड़ने को लेकर कहा 'मैं बहुत लंबे समय तक इसका हिस्सा रही। लेकिन, फिर मैंने इसे छोड़ दिया, क्योंकि मुझे लगा कि यह मेरी जगह नहीं है।' उन्होंने कहा यह बहुत दुखद बात है। पहले, ऑटो-ट्यून या मेलोडाइन का इस्तेमाल गानों में किसी खास इफेक्ट के लिए किया जाता था। लेकिन, आप ऐसा रियलिटी शो में नहीं कर सकते, जहां आपको पूरी तरह से असली और ईमानदार होना चाहिए। मुझे लग गया कि यह कहीं और जा रहा है, जिसका हिस्सा मैं नहीं बन सकती।' बातचीत इस ओर भी बढ़ी कि लाइव परफॉर्मेंस के दौरान सिंगर्स को कभी-कभी किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। शेखर ने केके और सोनू निगम जैसे आर्टिस्ट्स से जुड़ी घटनाओं का जिक्र किया और सुनिधि से पूछा कि क्या उन्हें कभी स्टेज पर अपमानजनक या असहज व्यवहार का सामना करना पड़ा है। इस पर सुनिधि ने कहा 'मैं बहुत किस्मत वाली हूं क्योंकि आज तक मेरे साथ ऐसा बर्ताव नहीं हुआ है। लोगों ने मुझे बहुत प्यार दिया है।.. सिर्फ प्यार ही नहीं, बल्कि सम्मान भी दिया है।'

# ओह माय डॉग में दिखेगा इंसान और डॉग का अनोखा रिश्ता

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर पंकज त्रिपाठी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'ओह माय डॉग' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर उन्होंने बताया कि ये सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि इंसान और डॉग के बीच के प्यार और भरोसे की कहानी है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के दौरान पंकज त्रिपाठी ने बताया कि जब डायरेक्टर अमित राय उनके पास इस फिल्म की कहानी लेकर आए तो उन्होंने तुरंत हामी भर दी।

***कहानी सुनते ही फिल्म के लिए कर दी हां :*** एक्टर ने कहा, 'मैंने इससे पहले अमित राय के साथ फिल्म 'ओह माय गॉड 2' में काम किया था। जब अमित ने 'ओह माय डॉग' की कहानी सुनाई तो मुझे ये बेहद खास लगी। मैंने अमित से कहा कि मैं फिल्म करूंगा, चाहे मेरा किरदार कुछ भी हो. इंसान और डॉगी के बीच का रिश्ता बहुत अनोखा होता है। एक पालतू



जानवर अपने मालिक से बिना किसी शर्त के प्यार करता है। वे सिर्फ साथ नहीं देता, बल्कि परिवार का हिस्सा बन जाता है। ये इसी खूबसूरत भावना को दिखाने वाली फिल्म है।'

### डॉग का प्यार होता है बिना किसी शर्त के

डायरेक्टर अमित राय ने भी ट्रेलर लॉन्च के मौके पर फिल्म की कहानी को लेकर अपनी सोच शेयर की। उन्होंने कहा, 'मेरा उद्देश्य ऐसी कहानी बनाना था, जिससे हर परिवार जुड़ सके. बच्चे और डॉग्स के बीच की दोस्ती दुनिया के सबसे साफ और प्यारे रिश्तों में से एक होती है। इस फिल्म के जरिए मैं दर्शकों को हंसाना भी चाहता हूं और इमोशनल भी करना चाहता हूं. मुझे उम्मीद है कि फिल्म देखने के बाद लोगों के मन में जानवरों के प्रति ज्यादा प्यार और संवेदनशीलता पैदा होगी।'

### एक बच्चे और डॉग की खास दोस्ती की कहानी

ओह माय डॉग' की कहानी एक छोटे बच्चे और एक डॉग के बीच बनने वाली खास दोस्ती पर आधारित है। फिल्म में दिखाया जाएगा कि कैसे एक जानवर और इंसान के बीच का रिश्ता जिंदगी को बदल सकता है। इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी के अलावा माही राय, गीता अग्रवाल शर्मा, राजेश कुमार, पवन मल्होत्रा और विजय मिश्रा जैसे कलाकार नजर आएंगे. फिल्म में ऑस्कर और ब्रूनो नाम के डॉग्स भी अहम किरदार निभा रहे हैं। खास बात ये है कि फिल्म में 250 से ज्यादा डॉग्स को शामिल किया गया है। फिल्म का निर्माण अमित राय, राजेश भारद्वाज और सना वारसी ने किया है। इसे बाबूलाल बाइस्कोप और थिंकिंग हैट्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है। फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## आज भी कल्ट माना जाता है 68 साल पुराना यह गाना

# लता का वो देहाती गाना, जो वैजयंती माला के लिए बना था वरदान

***नई दिल्ली।*** *हिंदी सिनेमा की लोकप्रिय गायिका रहीं लता मंगेशकर को भला कौन नहीं जानता। अपनी मधुर आवाज से श्रोताओं को दिलों को सुकून पहुंचाने वाली लता दीदी के गाने आज भी अमर है। इस आधार पर आज हम आपको उनके एक ऐसे गीत के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें देहाती भाषा का इस्तेमाल किया गया था। 68 साल पुराना वह गाना वेटरन एक्ट्रेस वैजयंती माला के लिए वरदान बना था और आज भी उसे कल्ट माना जाता है।*



### मधुमती का गाना

40 के दशक के बाद ही लता मंगेशकर ने गायिकी की दुनिया में कदम रखा और धीरे-धीरे वह सिनेमा जगत की सबसे चर्चित गायिका बन गईं। पुराने जमाने की लगभग हर दूसरी मूवी के गानों में फीमेल प्लेबैक सिंगर के तौर पर लता दी की आवाज सुनने को मिल जाती थी। ऐसा ही नजारा कुछ साल 1958 में आई अभिनेता दिलीप कुमार और वैजयंती माला स्टारर फिल्म मधुमती में देखने को मिला था। ये फिल्म अपने समय की लोकप्रिय मूवीज में से एक रही और इसको सबसे अधिक लोकप्रियता लता मंगेशकर की आवाज में मौजूद देहाती किस्म के गाने चढ़ गयो पापी बिछुआ... द्वारा मिली थी।

### बदल दी थी वैजयंती माला की किस्मत

फिल्म मधुमती और उसका चढ़ गयो पापी बिछुआ गाना सही मायनों में अभिनेत्री वैजयंती माला के लिए काफी लकी रहा। कहा जाता है कि इस गाने में अपने डांस के दम पर उन्होंने हर किसी को प्रभावित किया। इसके साथ ही इस मूवी और गीत ने इंडस्ट्री में उन्हें एक वर्सेटाइल एक्ट्रेस के तौर पर स्थापित किया।

### पारंपरिक संगीत की धुनों का किया गया प्रयोग

इस सॉन्ग का मूल स्वभाव और संगीत पूरी तरह से ग्रामीण पृष्ठभूमि से नाता रखता है। साथ ही इसमें पारंपरिक संगीत की धुनों का प्रयोग किया गया। इतना ही नहीं असमिया लोक संगीत तालमेल इसमें साफ नजर आता है। इस तरह से लता मंगेशकर का देहाती गाना चढ़ गयो पापी बिछुआ... काफी चर्चा में रहा। आज भी रिलीज के 68 साल बाद भी इसे संगीत की दुनिया में काफी चर्चित माना जाता है। इस गीत के संगीतकार सलिल चौधरी थे और मशहूर गीतकार शैलेंद्र ने आम बोलचाल की भाषा को मद्देनजर रखते हुए इसके लिरिक्स को लिखा था।

## खबर संक्षेप

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर होगा गुरुजनों का सम्मान

**बिर्रा।** संस्कार भारती जिला ईकाई सक्ती एवं गुरु घासीदास संगीत महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आषाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर नटराज पूजन एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन बुधवार 29 जुलाई को अपराह्न 3 बजे से आचार्य चाणक्य सभागार बिर्रा में होगा। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान नटराज के पूजन से होगा। इसके पश्चात पंडित राजेंद्र शर्मा भागवताचार्य टेमर सक्ती तथा संगीताचार्य के. आर. कश्यप गुडरूकला मल्दा का विधिवत पूजन किया जाएगा। इसके उपरांत आर. के. सोनवानी, एन. आर. भारद्वाज, संतोष कश्यप, दिलीप पटेल, नील कमल श्रीवास, एल. एन. कुर्रे सहित गुरु घासीदास संगीत महाविद्यालय से जुड़े सभी गुरुजनों का शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के सांस्कृतिक सत्र में संगीत महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा गुरु की महिमा पर आधारित भजन, शास्त्रीय गायन एवं वादन की मनोहारी प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता मणि लाल कश्यप करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य रितेश रमण सिंह उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथियों में एकादशियां साहू सरपंच प्रतिनिधि, पूर्व एसडीओ बनवारी लाल कश्यप, मोहन लाल कश्यप, डॉ. शुभम शुक्ला संचालक शुक्ला हेल्थ केयर हॉस्पिटल बिर्रा, दिनेश चंद्रा संचालक डीपीएस स्कूल बिर्रा, धनेश मिश्रा संचालक वंदेमातरम स्कूल नवागढ़, बी. एल. सागर संचालक कैरियर प्वाइंट स्कूल बिर्रा, डॉ. प्रियंका शुक्ला संचालिका शुक्ला इंटरनेशनल स्कूल बिर्रा एवं सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा की प्राचार्य श्रीमती सुप्रिया शुक्ला उपस्थित रहेंगे। संस्कार भारती के जिला महामंत्री मनोज तिवारी ने क्षेत्रवासियों और संस्कार भारती के सदस्य ,पदाधिकारी एवं शिष्य से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं प्रवेश के लिए काउंसलिंग 5 अगस्त तक


**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत राज्य में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 9वीं प्रवेश के लिए काउंसलिंग का आयोजन 5 अगस्त तक किया जाएगा। परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत काउंसलिंग के लिए पात्र छात्र-छात्राओं की सूची एवं काउंसलिंग की तिथि विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दी गई है। काउंसलिंग प्रक्रिया प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक काउंसलिंग सूची में दर्शाए गए संबंधित प्रयास आवासीय विद्यालयों में आयोजित होगी। पात्र छात्र-छात्राओं को निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। अधिक जानकारी के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### अकलतरा ओवरब्रिज पर बोलेरो और बाइक की आमने-सामने टक्कर, दो युवक घायल

**अकलतरा।** नगर के ओवरब्रिज पर बुधवार दोपहर करीब 2 से 2:30 बजे एक बोलेरो और बाइक की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मिलनदास उम्र 45 वर्ष पिता शांति दास एवं व्यास प्रजापति उम्र 20 वर्ष पिता अशोक कुमार प्रजापति, दोनों निवासी वार्ड क्रमांक 3, संजय नगर, अकलतरा, काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल से नगर की ओर आ रहे थे। जैसे ही वे अकलतरा ओवरब्रिज पर पहुंचे, सामने से आ रही बोलेरो क्रमांक सीजी-10-बीआर-6208 से उनकी आमने-सामने टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि बोलेरो को आदिल लहरी, पिता रामाधार लहरी निवासी ग्राम गोंडी, थाना बिल्हा चला रहा था। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा एवं दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात सुचारु कराया। घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है तथा दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर काफी जोरदार थी, जिससे कुछ समय के लिए ओवरब्रिज पर यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस ने वाहन चालकों से ओवरब्रिज जैसे संवेदनशील मार्गों पर सावधानीपूर्वक और नियंत्रित गति से वाहन चलाने की अपील की है।

48 वीं पुण्यतिथि पर जांजगीर समेत विभिन्न स्थानों पर हुई श्रद्धांजलि सभा, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत हुए शामिल

# शिद्दत से याद किए गए अंचल के जननायक बी.डी. महंत



बीडी महंत बालोद्यान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

अंचल के जनप्रिय नेता एवं पूर्व मंत्री स्व. बिसाहूदास महंत की 48 वीं पुण्यतिथि जिले में परंपरानुसार मनाई गई। गुरुवार 23 जुलाई को जिला मुख्यालय जांजगीर के बीडी महंत बालोद्यान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान कबीर भजन का आयोजन भी हुआ।

कार्यक्रम में स्व. महंत के सुपुत्र एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत,विधायक ब्यास कश्यप, श्रीमती शेषराज हरवंश विशेष रुप से उपस्थित रहे। इस दौरान शहर सहित जिले व संभागभर से पहुंचे वरिष्ठ नेताओं ने स्व. महंत की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महेन्द्र राठौर ग्रुप द्वारा कबीर भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर अर्जुन तिवारी, राजेन्द्र शुक्ला, आशीष सिंह, मोतीलाल देवांगन, ठाकुर गुलजार सिंह, ठा. कमलेश सिंह बाबा, जयंत मनहर, पूर्णेन्द्र तिवारी, रघुराज प्रसाद पांडेय, दिनेश शर्मा, मदनलाल अग्रवाल,भगवान दास गढ़ेवाल, डॉ. परस शर्मा, रमेश पैगवार, मनोज तिवारी, विवेक सिंह सिसोदिया, प्रिंस शर्मा, रफीक सिद्दिकी, गौरव सिंह, रामविलास राठौर सहित कांग्रेस जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## 48वीं पुण्यतिथि पर अंचलवासियों ने स्व. बीडी महंत को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

चांपा। क्षेत्र के मूर्धन्य जननेता एवं अविभाजित म.प्र. शासन के पूर्व मंत्रीध स्व. बिसाहूदास महंत की 48वीं पुण्यतिथि पर गुरूवार 23 जुलाई को स्व. बिसाहूदास महंत स्मृति समिति चांपा के तत्वाधान में बिसाहूदास महंत शासकीय नागरिक चिकित्सालय में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर दिवंगत जननेता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर छ.ग. विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, उनकी धर्मपत्नी कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, उनके अनुज राजेश महंत तथा सुपुत्र सूरज महंत सहित जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, चन्द्रपुर विधायक रामकुमार यादव, पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल के अलावा समूचे अंचलवासियों ने अस्पताल परिसर में स्थापित स्व. बी.डी. महंत की प्रतिमा पर भावभीने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

■ छग विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत समेत समूचा महंत परिवार रहा मौजूद

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन ने कहा कि परम श्रद्धेय बाबूजी स्व. बिसाहूदास महंत ने अपना समूचा जीवन सर्वहारा वर्ग की उन्नति के लिए समर्पित कर दिया। उनकी सेवा भावना का ही परिणाम है कि आज उनकी 48वीं पुण्यतिथि पर अंचल का हर वर्ग जाति, धर्म एवं दलगत राजनीति से परे होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु मौजूद है। सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही.के. अग्रवाल के संचालन में सभा में उपस्थित लोगों ने बारी-बारी से स्व. महंत की प्रतिमा पर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस दौरान डॉ. चरणदास महंत ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल एवं ब्रेड का वितरण किया। श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से अर्जुन मनवानी, श्यामलाल राठौर, साहेबलाल साहू, नारायण सोनी, बैजनाथ देवांगन, बजरंग डिडवानिया, बजरंग अग्रवाल, पवन मोदी, मोहन गुलाबानी, अनिल मोदी, पी.आई.एल. से उदय सिंह, शिवदयाल कर्ष, हरीश श्रीवास, मो. इब्राहिम मेमन, राधेकृष्ण दुबे, अंजुम अंसारी, किशन शर्मा, खूबचंद देवांगन, किशनलाल सोनी, नरेशधर दीवान, ढ़ालमणी तिवारी, उमेश तिवारी, ओमप्रकाश देवांगन, राजेश्वर मिश्रा, भालचंद तिवारी, भास्कर शर्मा, पालिकाध्यक्ष प्रदीप नामदेव, धीरेन्द्र बाजपेयी, कृष्णाराव भूरे, राधेकृष्ण दुबे, संतोष सिंह जब्बल, नागेन्द्र गुप्ता, पार्षद हरीश पाण्डेय, महेन्द्र तिवारी, तमिन्द्र देवांगन, पंकज शुक्ला, उपकार सिंह ढ़ल्लिो, हेमंत सोनी, बलवीर सिंह ढ़ल्लिो, रायपुर से आत्मजीत सिंह बग्गा, श्रीमती कमलेश बग्गा, डॉ. जी.के. नायक, डॉ. व्ही.एन. बिरथरे, डॉ. जी.पी. दुबे, डॉ. आर.के. चन्द्रा, डॉ. के.पी. राठौर, डॉ. मनीष श्रीवास्तव, मो. अली, इकबाल अंसारी, कालीदास महंत, गुरमीत सिंह धंजल, विपिन देवांगन, राजेन्द्र देवांगन, राजेश्वर मिश्रा, शाश्वतधर दीवान, रविन्द्र शर्मा एवं ईश्वर कंसारी के अलावा बड़ी संख्या में अस्पताल स्टॉफ तथा जन मानस मौजूद था। इसके बाद डॉक्टर महंत सहित अन्य अतिथि और नागरिकगण बीडी महंत इण्डोर स्टेडियम पहुंचे, जहां स्व. महंत की प्रतिमा पर सभी ने भावभीनी श्रद्धासुमन अर्पित कर दिवगंत नेता की स्मृति को नमन किया।



स्व. महंत की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करता महंत परिवार।

## अब किरायेदारों की सूचना पुलिस को देना होगा अनिवार्य, नहीं देने पर होगी सख्त कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने, संदिग्ध एवं आपराधिक तत्वों पर प्रभावी निगरानी रखने तथा अवैध रूप से रह रहे अप्रवासियों की पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। अब जिले के सभी मकान मालिकों के लिए अपने किरायेदारों की जानकारी संबंधित थाना या पुलिस चौकी में देना अनिवार्य होगा। आदेश का पालन नहीं करने वाले मकान मालिकों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह निर्णय पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के प्रतिवेदन पर लिया गया है। एसपी द्वारा जिला कलेक्टर को कार्यालयीन पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया गया था। इस पर गंभीरता से विचार करते हुए जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर ने निषेधाज्ञा जारी कर जिलेभर में किरायेदार सत्यापन की व्यवस्था अनिवार्य कर दी है। प्रशासन का मानना है कि किरायेदारों का व्यवस्थित सत्यापन होने से बाहरी व्यक्तियों की पहचान सुनिश्चित होगी, अपराधों की रोकथाम में सहायता मिलेगी तथा किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में पुलिस को त्वरित कार्रवाई करने में सुविधा होगी।

## छेड़छाड़ के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** छेड़छाड़ के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 23 दिसंबर 2025 को आरोपी संजय कुमार यादव (42 वर्ष) निवासी जयरामनगर (खैरा), थाना मस्तूरी, जिला बिलासपुर, वर्तमान निवासी थाना रोड अकलतरा ने एक महिला के साथ गलत नियत से छेड़छाड़ की थी। आरोप है कि घटना के संबंध में किसी को जानकारी देने पर उसने पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी थी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। इस दौरान आरोपी की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने संजय कुमार यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

## नगर विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे एल्डरमेन: जांगड़े



शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद अतिथि व एल्डरमेन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

स्थानीय नगर पालिका परिषद् के लिए प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा पिछले दिनों नियुक्त मनोनीत पार्षद (एल्डरमेन) ने बुधवार 22 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे से गौरवपथ स्थित नगर पालिका कार्यालय भवन के प्रथम तल पर सभागार में एस.डी.एम. पवन कोसमा द्वारा अपने पद की शपथ ली।

■ नवनियुक्त एल्डरमेन ने ली शपथ

इस मौके पर विशेष रूप से मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि नवनियुक्त एल्डरमेन नगर विकास के प्रति सजग रहकर कार्य करते हुए शहर को उन्नति की ओर बढ़ाने में अपना योगदान देंगे। पालिकाध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने कहा कि नवनियुक्त एल्डरमेन अपने अनुभवों से शहर को विकास की दिशा में अग्रसर करेंगे। इस दौरान एस.डी.एम. पवन कोसमा ने नवनियुक्त एल्डमेन पवन पाठक, महाराजा सीताराम गुहा, सुश्री श्वेता श्रीवास, सुधीर गर्ग तथा गौतम यादव को पद की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन राजस्व निरीक्षक चैतराम डिंडोरे तथा अंत में आभार प्रदर्शन मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती शीतल चंद्रवंशी ने किया। इस अवसर पर अमरनाथ सोनी, कमललाल देवांगन, ग्यारसी मोदी, प्रदीप सराफ, अमर सुल्तानिया, प्रताप चंद्र सराफ, नंदकिशोर मिश्रा, संतोष सोनी, हरीश पाण्डेय, किशोर मोदी, अखिलेश पाण्डेय, दिनेश केडिया, शीतल केडिया, डॉ. धनेश्वरी जागृति, राजेन्द्र अग्रवाल, अनंत थवाईत, गोपाल मित्तल, सलीम मेमन, संतोष सिंह जब्बल, योगेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पार्षदगण मौजूद थे।

## नहर किनारे युवती से छेड़छाड़, मारपीट और लूट का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** अकलतरा पुलिस ने नहर किनारे युवती से छेड़छाड़, मारपीट और मोबाइल लूट की सनसनीखेज वारदात का चंद घंटों में खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त होंडा साइन मोटरसाइकिल, लूटा गया मोबाइल फोन तथा वीडियो बनाने में इस्तेमाल दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं।

पुलिस के अनुसार पीड़िता ने थाना अकलतरा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने एक मित्र के साथ अकलतरा क्षेत्र की नहर के पास बैठकर बातचीत कर रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल से पहुंचे दो युवकों ने दोनों का मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने अश्लील गाली-गलौज करते हुए दोनों के साथ मारपीट की। इस दौरान युवती के साथ बेइज्जती करने की नीयत से छेड़छाड़ की गई और उसका मोबाइल फोन लूटकर आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना अकलतरा में बीएनएस की धारा 74, 296, 115(2), 309(1) एवं 3(5) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों की पहचान ग्राम खटोला निवासी बीरू धीवर उम्र 30 वर्ष और ओमकिशन उर्फ ओमी धीवर उम्र 20 वर्ष के रूप में की। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, अपराध स्वीकार किये जाने पर दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

